तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	हजारीराम ग्वाला बनाम लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी, भोपालगढ़) सू.अ. अपील संख्या 65 / 2024	
27 / 06 / 2024	अपीलार्थी हजारीराम ग्वाला निवासी ग्राम मण्डली चारणां पोस्ट पालडी, राणवतां, तहसील भोपालगढ, जोधपुर ग्रामीण ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 11.03.2024 को कार्यालय सहायक श्री शिशुपाल जाखड का उपखण्ड अधिकारी में पदस्थापन दिनांक व पदस्थापन अवधि तथा पदोन्नति पश्चात पदस्थापन संबंधी सूचना हेतु सूचना उपलब्ध करवाना तथा उक्त समस्त दस्तावेज की सत्यापति प्रतिलिपि के लिए लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी, भोपालगढ) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (उपखण्ड अधिकारी, भोपालगढ) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (उपखण्ड अधिकारी, भोपालगढ़) से जरिये पत्रांक 723 दिनांक 28.05.2024 रिपोर्ट प्राप्त हुई जिसमें बतलाया कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना कार्यालय के पत्रांक 722 दिनांक 28.05.2024 के जरिये प्राथी को प्रेषित की जा चुकी है। चूंकि अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना से लोक सूचना अधिकारी द्वारा प्रार्थी को अवगत करा दिया गया है अतः लोक सूचना अधिकारी कार्यालय स्तर पर कोई कार्यवाही अपेक्षित नही होने से अपील इस स्टेज पर निरस्त योग्य होने से निरस्त की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर ग्रामीण Signature valid	

RajKaj Ref
8419586

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2024.06.2[illegible] [illegible]6:26:31 IST
Reason: Approved